सार-समाचार

40 लीटर ऑयल बरामद, एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिले के फतहनगर थाना पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी करने के मामले में चार माह से फरार शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किया 40 लीटर ऑयल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 26 सिंतबर 2023 को पीडित प्रवीण कुमार पुत्र धन्नाराम निवासी महावीर नगर मारवाड़ा जंक्शन पाली हॉल टेक्नीशियन अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. फतहनगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि विद्युत उपखंड के खरताणा गावं में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी हो गया है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में फतहनगर थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधिच के नेतृत्व में गठित दल ने मामले का खुलासा करते हुए किशनलाल पुत्र देवजी उर्फ देवीलाल निवासी जैवाणा फतहनगर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से चोरी किया 40 लीटर ऑयल बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी भेरूलाल, पवन उर्फ कालु मोहन सालवी के साथ मिल जम्फर काट नली के जरिये ऑयल चुराने की बात कही। वे इस चोरी किए ऑयल का उपयोग ट्रेक्टर में या कृषि काम में लिया करते थे। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी व साथियों ने जैवाणा, खरताणा, कुंचोली, फतहनगर, वासली कला, खेमपुरा चुण्डावत खेड़ी से 25-30 विद्युत ट्रांसफार्मरों का ऑयल निकाल चोरी करने व चार से पांच ट्रांसफार्मरों का कॉपर चोरी करना स्वीकार किया है।

विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञाप

भीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के अजीतगढ़ ठाम पंचायत अंतर्गत मनरेगा में अनियमिताओं को लेकर शुक्रवार को सरपंच सोहनी देवी पूर्व सरपंच अमरसिंह आदि सहित कई ठाामवासियों ने पंचायत समिति भीम के विकास अधिकारी पुखराज सरेल को ज्ञापन सौंप कर जांच करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि मनरेगा योजना अंतर्गत मेटों द्वारा कार्यस्थल पर श्रमिकों से कार्य नहीं करवाते हैं एवं फर्जी मजदूरों की हाजरी भरते हैं। पंचायत प्रशासन के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान मेट मस्टरोलउपलब्ध नहीं करवाते हैं। पूर्व सरपंच अमरसिंह ने बताया कि सरपंच एवं ठाम पंचायत के अधिकारों का हनन एवं शोषण किया जा रहा है। ठाम विकास अधिकारी देवेंद्र तंवर ने बताया कि ठाम पंचायत क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित नरेगा कार्य स्थल मांगी देवी के खेत के पास नाडी निर्माण एवं भुरी मदन के पास नाडी निर्माण आदि साइडों का निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई गई जिस पर मेट को पाबंद करते हुए सभी श्रमिकों से टास्क अनुरूप कार्य करवाने एवं सही उपस्थित भरने को लेकर निर्देश दिए हैं। विकास अधिकारी पुखराज सरेल ने कहा कि अजीतगढ़ ठाम पंचायतवासियों ने सरपंच के नेतृत्व में ज्ञापन प्रस्तुत किया है । तकनीकी टीम गठित कर जांच करवाएंगे।

बाइक सवार बदमाशों ने नकदी छीनी

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में बाइक सवार तीन बदमाश कार को रोक चाकू की नौक पर चालक से नकदी से भरा बैग छीन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विजय कुमार पुत्र सुन्दलाल सिंधी निवासी पावर हाउस के सामने एकलिंगपुरा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 21 जनवरी को मैं कार लेकर माल बेचने के लिए ठामीण क्षैत्रों में गया था। शाम को वापस लौटते समय देबारी से अहमदाबाद जाने वाले रोड़ पर कार चढाई चढा रहा था। अचानक बाइक सवार ने आकर कार को रूकवाया। एक बदमाश ने आकर बैग छिनने का प्रयास किया तथा चाकू से लेस काट कर बैग छीन ले गए। बैग में करीब 40 हजार रूपये नकदी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच हेडकांस्टैबल अमरसिंह को सौंपी है।

अवैध गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजा जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित दल ने नेला तालाब रोड़ पर गश्त के दौरान हाथ में कट्टा लेकर जा रहे जो पुलिस को देख भागने लगा। पिछा कर घेरा डाल कर पकडने पर उसने अपना नाम देवीलाल मीणा पुत्र चौखाराम निवासी चणावदा हरीपला परसाद हाल हवामगरी नाला सेक्टर 14 गोवर्धन विलास रहना बताया। इस पर उसके पास कट्टे की तलाशी तो उसमें अवैध 2.294 किठा अवैध गांजा पाया गया। इस पर उसे गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

'उनकी चिट्ठियां' नाटक का मंचन कल

उदयपुर, (कासं)। रविवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में 'उनकी चिट्ठियां' नाटक का मंचन होगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत जयपुर की स्माइल एंड होप संस्था द्वारा 'उनकी चिट्ठियां' नाटक का प्रदर्शन किया जाएगा। इस नाटक में मानवीय संवेदनाओं, स्नेह एवं प्यार का बड़ा ही सुंदर समावेश है। इस नाटक के कथानक में विमंदित बच्चे और एक फौजी के जीवन की दो मार्मिक कहानियां है। इस नाटक के लेखक तपन भट्ट एवं निर्देशक डॉ. सौरभ भट्ट है। इस नाटक में 11 कलाकार भाग ले रहे हैं।

मंत्री चौधरी ने टी.पी.आई.ए. प्रक्रिया पर जताया असंतोष

उदयपुर, (कासं)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को उदयपुर में पटेल सर्कल स्थित पीएचईडी कार्यालय के सभागार में संभागीय स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने जिले वार कामों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध पेयजल आपूर्ति को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट के हालात बनते हैं। इसके लिए अभी से चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जिला कलक्टर्स को आपातकालीन बजट उपलब्ध करा रखा है। आवश्यकता होने पर बजट और भी मिल जाएगा। हैण्डपंप दुरस्त कराएं जाएं, जहां आवश्यकता हो अतिरिक्त पाइप डालकर हैंडपंप तैयार कराएं। जरूर पड़े तो टैंकरों की व्यवस्था रखें, लेकिन पेयजल आपूर्ति को लेकर आमजन को दिक्कतें नहीं आनी चाहिए। मंत्री ने उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, सलूम्बर और चित्तौडगढ जिलों में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जानी। न्यून प्रगति वाले कामों पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। साथ ही अन्य विभागीय परियोजनाओं को लेकर भी फीडबैक लिया। मंत्री ने थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी (टीपीआईए) की प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए जल्द ही इसमें सुधार के लिए व्यवस्थागत बदलाव के संकेत दिए।प्रारंभ में पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता मोहनलाल सैनी, अधीक्षण अभियंता ललित नागौरी सहित सभी अधिकारियों ने मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, सांसद कनकमल कटारा तथा विधायकगणों का स्वागत किया। भारत मजदूर संघ सहित श्रमिक संगठनों ने भी मंत्री चौधरी का अभिनंदन करते हुए अभाव-अभियोगों को लेकर ज्ञापन सौंपे। बैठक में मंत्री चौधरी ने अवगत कराया कि केंद्र सरकार की ओर से अमृत-2 योजना के लिए बजट उपलब्ध कराया गया है। पूर्व में इस योजना में तैयार किए गए प्रस्तावों को फिलहाल समीक्षा के लिए रोका गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि आगामी 15 दिन में जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी करते हुए ग्राउण्ड लेवल से फीडबैक लेकर प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इसमें पुरानी पाइप लाइनों के सुदृढ़ीकरण के कामों को भी शामिल करें।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पेयजल टंकियों की नियमित सफाई का मुद्दा भी उठाया। इस पर मंत्री चौधरी ने बताया कि टंकी सफाई की मॉनिटरिंग के लिए एप तैयार कराया गया है। इससे प्रदेश के सभी उच्च जलाशयों (पानी की टंकियां) को जोड़ा जा रहा है। इसमें सफाई की तिथि का भी इंद्राज किया जा रहा है। सफाई की अगली तिथि नजदीक आने पर संबंधित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता को मैसेज के माध्यम से अपडेट मिलेगा, जिससे समय पर उनकी सफाई हो सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की पेयजल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा ने जनजाति अंचल के दोनों जिलों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन और अन्य परियोजना के कई काम लंबे समय से पूर्ण नहीं हुए हैं। ठेके सबलेट करने की परंपरा के चलते कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। इस पर मंत्री ने बांसवाड़ा और डूंगरपुर के अधीक्षण अभियंताओं से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पूर्व सांसद मानशंकर निनामा ने भी अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने भुवाणा क्षेत्र में 20 हजार आबादी पेयजल सुविधा से वंचित होना बताया। इस पर मंत्री ने उक्त क्षेत्र को अमृत-2 में शामिल कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मीणा ने सीसारमा, नई, तितरड़ी आदि क्षेत्रों की समस्या से भी अवगत कराया। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कई क्षेत्रों में आधी रात को जलापूर्ति किए जाने, लाइनमैन द्वारा समय पर आपूर्ति नहीं करने, स्मार्टसिटी क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर स्मार्टसिटी लिमिटेड और पीएचईडी में समन्वय नहीं होने जैसे कई समस्याएं बताई। इस पर मंत्री ने स्मार्टसिटी व पीएचईडी की संयुक्त बैठक बुलवाकर तत्काल समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा, खेरवाड़ा विधायक नानालाल अहारी ने भी अपने क्षेत्र की पेयजल परियोजना तथा शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं रखी।

मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली।

बच्ची चुराने वाली महिला व पति को जेल भेजा

उदयपुर, (कासं)। एमबी चिकित्सालय परिसर से बच्ची चोरी करने के मामले में गिरफ्तार महिला व उसके नातायत पति को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया। हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार ने गत 24 फरवरी को पीडित संदीप सराठे पुत्री वंदावन संराठे निवासी भोपाल एमपी अशोका गार्डन सुन्दरनगर थाना अशोका गार्डन भोपाल के साले दिपराज परिहार के एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान 23 फरवरी रात में पुत्री अन्यांशी को बरामदे से चुरा ले जाने के मामले में आरोपी मंजु गमेती उर्फ लीलाबाई हॉल पत्नी रोशन गमेती गांव करेलों का गुड़ा चिरवा के डोरियों फला महादेवजी मंदिर के पिछे पहाडियों में स्थित मकान से गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया। जिससे की गई पूछताछ के आधार पर नातायत पति पुत्र गल्ला को गिरफ्तार कर दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया। पूछताछ के दौरान लीला उर्फ मंजू ने पूर्व पति मुकेश के मृत होने की जानकारी दी थी। इस पर अनुसंधान में मुकेश के जीवत होकर तीन बच्चों के साथ पैतृक गांव में रहने व भीम देवगढ में नौकरी करने की जानकारी सामने आई ।

जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, (निसं)। सर्व समाज जाग्रत महिला संस्थान ने शुक्रवार प्रात: संदेशखाली पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों एवं हिंसा का हम गौर विरोध करते हैं। यह घटनाएँ निरन्तर हो रही थी करीबन 5० दिन पूर्व ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद और शहजाद शेख के फरार होने के बाद ही सामने आ सकी, राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल की सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीडन, मारपिट की अनेकों घटनाएँ लगातार निकल कर सामने आ रही है। अपराधियों द्वारा जमीन हडपने के कितने ही मामले लगातार उजागर हो रहे हैं।

इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा की चिन्ताजनक स्थिति सामने आई है, स्थिति इतनी भयानक है कि कई दिनों से हो रहे अत्याचारों की घटनाओं के बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की थी। राजनैतिक, धार्मिक एवं आर्थीक मुद्दो में महिलाओं एवं बच्चों को निशाना बनाना अत्यन्त अमानवीय, अपमानजनक एवं पीडादायक है। हम इन दर्दनाक घटनाओं की घोर निन्दा एवं विरोध करते हैं।

संस्थान मांग करते है कि पश्चिम बंगाल में हो रहे इन कृत्यों के लिए दोषियों पर तुरन्त कार्यवाही की जाए। सभी दोषियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करके जल्दगति न्यायालय (फास्ट ट्रेक कोर्ट) में मुकदमा चलाकर शीघ्र न्याय दिया जाए। सभी पीडित महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों को सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा तुरन्त प्रदान की जाए। पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस तुरन्त इस पर कार्यवाही करें। केन्द्रीय गृह मंत्रालय तुरन्त ही इन सभी घटनाओं का संज्ञान लेकर भारतीय संविधान एवं अन्या कानूनों के तहत उपयुक्त कार्यवाही करे। राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा दखल देने का हम स्वागत करते हैं।

कार्यशाला आयोजित

डूंगरपुर,(निसं)। नेहरू युवा केंद्र डूंगरपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई कनबा स्कूल में मतदाता जागरूकता शिविर के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दिलीप गरासिया और बीएलओ भाणालाल पटेल ने वोट फोर इण्डिया के विषय में जानकारी दी, प्रथम वोट-कर्त्तव्य वोट का संदेश देती हुई वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए जागरुक किया। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व टैगलाइन चुनी है चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु युवाक्लबों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है जहां प्रत्येक पात्र युवा को मतदाता सूची में नाम जुडवाने एवं वोट के अधिकार का इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं एवं कोचिंग में विजिट करके भारतीय निर्वाचन आयोग के संदेशों को प्रत्येक युवा तक पहुंचाएंगे। इस उपलक्ष्य में कनबा स्कूल में मतदाता जागरूकता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस समय बीएलओ भाणा लाल पटेल,एनवाईवी भरत भराडा,साहिल, संजय,भाविन पटेल, विनय पाटीदार एवं कनबा स्कूल के सभी विद्यार्थी मौजूद रहें।

सार-समाचार

नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सवीना थाना पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में पीडित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जेवरात गिरवी रख नकदी हडपने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित वर्षा गर्ग पुत्री गोपाल शर्मा निवासी विजयसिंह पथिक नगर सविना ने आरोपी अजय लिंजारा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी से मेरा संपर्क है तथा गत दिनों उसने मुझे सोने के जेवर दिए थे बदले में रूपये ले गया जो वापस नहीं लौटाए। इसी तरह ओमप्रकाश पुत्र लक्ष्मणदास सिंधी निवासी किस्टल प्लाजा जीपीएस स्कूल के सामने सेक्टर 9 ने आरोपी वर्षा गर्ग पत्नी गोपाल, निवासी विजयसिंह पथिक नगर सविना व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मेरी सेक्टर 14 में दुकान है। आरोपी से परिचय होने पर उसने मुझे सोने की चैने गिरवी रखी थी बदले में 9 लाख 35 हजार रूपये का भुगतान किय। गत दिनों आरोपी दुबारा चेन लेकर आई। इस पर उसकी जांच की तो नकली होने की जानकारी सामने आई। इसको देख सभी चेनों की जांच की तो नकली होने की आशंका के चलते प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई जोरावरसिंह कर रहे है।

नकदी व जेवर छीने

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी व उसके साथियों के खिलाफ पीडित की बहन के घर से नकदी व जेवर छीन ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहम्मद रेहना पुत्र गुलजार हुसैन निवासी मल्लातलाई गांधीनगर अम्बामाता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 28 फरवरी को मैं अपनी बहन जोयाबानों के घर पर था। आरोपी खांजीपीर निवासी शाहरूख, कायनात, मुस्कान पठान व उसके पति मेगा आवास प्रतापनगर स्थित बहन के घर आए तथा 40 हजार रूपये नकदी, सोने की अंगुठी व मोबाईल उठा कर ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

चंदन का पेड़ चोरी का प्रयास

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने कारागार उप महानिरीक्षक के मकान से चंदन पेड़ काट चुराने का प्रयास करने वालो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 फरवरी रात में सूरजपोल स्थित उप महानिरीक्षक कारागाह के मकान में घुसे चंदन पेड़ चोरी करने वाले बदमाशों ने चंदन पेड काट लिया था। इसी दौरान चौकीदार हनुमानराम के जाग होने पर मौके पर पहुचा तो बदमाश कटा हुआ चंदन पेड़ मौके पर ही छोड कर फरार हो गए। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे है।

गोयल ने दिया कीटो डाईट पर व्याख्यान

उदयपुर,(कासं)। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के 79वें वार्षिक सम्मेलन (ऐपीकॉन 2024) में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.वी.के.गोयल ने अपना अथिति व्याख्यान दिया। डॉ.गौयल ने इस साल कीटोडाइट पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ.गोयल ने बताया कि कीटो डाइट वजन कम करने के लिए लोग फॉलो करते हैं, लेकिन कुछ लोगों को यह स्पेशल डाइट सूट नहीं करता है,इसके लगातार सेवन से सेहत संबंधित कई नुकसान भी हो सकते हैं।हर साल आयोजित होने वाली देश की सबसे बडे इस वार्षिक सम्मेलन में डॉ.गोयल विगत 15 बर्षो से लगातार गेस्ट लेक्चर के लिए आमंत्रित किए जाते है। इस वार्षिक सम्मेलन में प्रत्येक साल एक मेडिसिन की बुक प्रकाशित की जाती है जिसमें डॉ.वी.के.गोयल द्वारा लिखित चेप्टर को प्रकाशित किया जाता है यह बुक मेडिसिन में पीजी कर रहे विधार्थीयों के लिए फायदेमन्द होती है। गौरतलब है कि डॉ.गोयल विभिन्न विषयों पर देश विदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पत्र वाचन कर चुके है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

उदयपुर,(का.स.)। मौसमी बीमारियो के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगुंदा का औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संस्थान पर सभी स्टाफ उपस्थित मिला। वार्डों में भर्ती रोगियों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा गया।सारी व्यवस्थाएं सही पायी गई।वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा की। चिकित्सा प्रभारी को डिलीवरी बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बच्चों को ज़ीरो डोज से सभी वैक्सीन लगाने के निर्देश दिया। संस्थान पर साफ सफाई और बायो वेस्ट के मैनेजमेंट को सही करने के निर्देश दिए। क्षेत्र की बकाया ई केवाईसी को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनसीडी के लिए 30 वर्ष से अधिक सभी मरीजों की जांच कर पोर्टल पर चढ़ाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संस्थान पर सभी प्रकार की जांच करने और समय पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्धारित गणवेश में आने के निर्देश दिए।

बकाया छात्रवृति का भुगतान की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सचिव जितेश कुमार वरहात ने बताया कि एसएफ आई जिला कमेटी व आदिवासी जनाधिकार एकामंच राजस्थान द्वारा आगामी 4 मार्च को सांकेतिक रैली के रूप में जाकर जिला मुख्यालय पर बकाया छात्रवृत्ति का भुगतान करने व नए खोले गए महाविद्यालयों में जो विधा संबल के तहत व्याख्याताओ को भर्ती किया गया था,जिन्हें आदेश के बाद हटा दिया गया हैं उस आदेश को पुन:लेकर इन्हें पुन: स्थायी रूप से नियुक्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिले के सभी विद्यार्थी जो छात्रवृति के पात्र है चाहें वह किसी भी महाविद्यालय में पढ रहे हों या डिप्लोमा धारी हो या बीएड के विद्यार्थियों है।

आवंटित और कब्जेशुदा जमीन पर तोड़फोड़ का आरोप

राजसमंद, ०(निसं)। राजस्थान आदिवासी भील समाज के बैनर तले भील समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर डॉ भवंरलाल को ज्ञापन सौंपा और दिवेर थाना क्षेत्र के राजस्व गांव चाट का गुडा में अमरा भील को आवंटित और सालों से कब्जेशुदा जमीन से बिना नोटिस तोड -फोड की कार्रवाई पर विरोध जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीडित अमरा भील ने बताया कि दिवेर उप तहसील की काला गुमान पंचायत के राजस्व गांव चाट का

■ **दिवेर उप तहसील प्रशासन ने बिना नोटिस दिए की कार्रवाई**

गुडा में करीब 45 साल पहले राज्य सरकार ने उन्हें एक जमीन आवंटित की थी। जिसका खसरा संख्या 1434/561 था। जिस पर उनका परिवार सालों से कृषि कार्य के साथ उपयोग उपभोग कर रहा है।

लेकिन कुछ साल पहले जमीन के दोबारा रिकॉर्ड निर्धारण के समय उनके खसरा नंबर में गडबडी आ गई थी। जिसका दुरुस्तीकरण करने के लिए उन्होंने भीम न्यायालय में परिवाद भी दायर कर रखा है। लेकिन 29 फरवरी को नायब तहसीलदार दिवरे के नेतृत्व में प्रशासनिक जाब्ते और कुछ दबंगों ने बिना कोई नोटिस और जानकारी दिए उनके खेत की बाउंड्री वॉल को तोड दिया और वहां मौजूद महिला पुरुषों के साथ अभद्रता भी की। इस घटना को लेकर दिवेर थाने में पीडित परिवार ने मामला भी दर्ज करवा रखा है, लेकिन अभी तक पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे चलते उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अब पीडित परिवार को उनसे जान माल का खतरा बना हुआ है। अब आदिवासी भील समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर से ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई है। इस दौरान पीडित अमराराम भील, गोवर्धनलाल भील, कुंभलगढ उप प्रधान शान्तिलाल भील, भील विकास समिति के जिलाध्यक्ष उदय लाल भील, तहसील अध्यक्ष हजारीलाल भील, बंशीलाल भील, जीतमल भील, रामलाल भील बडारडा, भगवानलाल भील, गोवर्धनलाल भील, हरिश कुमार भील, महेन्द्रलाल भील, रतनी देवी, प्रेमी देवी, दुर्गा देवी, मीना देवी, किस्मत देवी, राधा देवी, सुगना देवी, लक्ष्मी देवी सहित समाज के महिला-पुरूष मौजूद थे।

बिना सूचना के आवंटित और कब्जेशुदा जमीन पर तोड़फोड़ के मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे आदिवासी भील समाज के लोग।

श्री औंकारेश्वर महादेव मूर्ति की स्थापना

राजसमंद, । शहर के सौ फीट रोड स्थित बालाजी नगर में आगामी 4 मार्च से शुरू होने वाले श्री औंकारेश्वर महादेव मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा, महारुद्र यज्ञ एवं नानी बाई का मायरा कथा के पांच दिवसीय कार्यक्रम को लेकर श्री औंकारेश्वर महादेव सेवा संस्थान की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। संस्थान के शशीकान्त दीक्षित ने बताया कि महोत्सव को लेकर शुक्रवार को हुई संस्थान की बैठक को लेकर पांचों दिन के कार्यक्रमों को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसके बाद यज्ञ समिति, मण्डप व्यवस्था समिति, कथा समिति, भजन संध्या समिति, प्रसादी समिति, पूजा व्यवस्था समिति, स्वागत समिति, निमंत्रण समिति, प्रचार-प्रसार समिति के साथ ही विभिन्न कमेटियों का गठन करते हुए उन्हें संबंधित कार्यों की जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसके साथ ही समिति सदस्यों ने आज से व्यवस्थाओं को लेकर कार्य शुरू कर दिया है। कार्यक्रम को लेकर शहर विभिन्न समाजों को भी विशेष रूप से निमंत्रण दिए जा रहे हैं। इधर, महोत्सव को लेकर मंदिर पर रंगरोगन और सजावट, विद्युत सज्जा आदि का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। वहीं, यज्ञाचार्य पंडित उमेश द्विवेदी के सानिध्य में होने वाले महारुद्ध यज्ञ के लिए विशेष रूप से कच्चा यज्ञ मण्डप भी तैयार किया जा रहा है। वहीं, यज्ञ मण्डप के पास ही नानी बाई का मायरा कथा और भजन संध्या के लिए भव्य दो सौ बाई दो सौ गुणा साइज का पाण्डाल भी तैयार किया जा रहा है।

आर.एस.एम.एम. पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी की आमसभा आयोजित

उदयपुर, (कासं)। आरएसएमएम पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी की पहली आमसभा आयोजित की गई। श्री झामेश्वर महादेव की कृपा एवं आभार मानते हुए शुरू की गई सभा में भारी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए। इस प्रथम आमसभा में सोसायटी के अध्यक्ष एल. सी. जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेशकुमार माली, महासचिव हेमंत त्रिवेदी, वरिष्ठ सदस्य

■ **कोषाध्यक्ष सी. एल. पूर्बिया ने सोसायटी के रजिस्ट्रशन से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक की प्रक्रिया से अवगत कराया**

आर. सी. कुमावत, आर. एन. मौर्या, जोधपुर के सी. एस. शर्मा और एस. सी. माथुर ने अपने विचार रखे साथ ही सोसायटी की अभी तक कि गतिविधियों व आगामी योजनाओ पर प्रकाश डाला।

सोसायटी की गतिविधियां की जानकारी देते हुए महासचिव हेमंत त्रिवेदी ने बताया कि सोसायटी ने आरएसएमएम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आरजीएचएस और पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कैसे सोसायटी ने कई कर्मचारियों को उनकी पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान करने में मदद की है। अध्यक्ष एल. सी. जोशी ने कहा कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य आरएसएमएम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उन्हें सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करना है। सोसायटी आने वाले समय में स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों का आयोजन करेगी। उपाध्यक्ष्य के सी शर्मा ने ईपीएफओ हायर पेंशन योजना पर जरुरी जानकारी दी एवं कहा कि सोसायटी को हमेशा गैर राजनैतिक रखा जाएगा और साथ ही सामाजिक कार्यो के लिए सरोकार रखते हुए मिलजुल कर सोसायटी को मजबूत बनाना हे। कोषाध्यक्ष सी. एल. पूर्बिया ने सोसायटी के रजिस्ट्रशन से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि सोसायटी का रजिस्ट्रेशन तो चुका है, आगामी कुछ ही दिनों में बैंक खाता भी ऑपरेट हो जाएगा।आर. सी. कुमावत के प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि निश्चित रूप से सोसायटी के कार्यकारणी सदस्यों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए दोनों योजनाएं लागू करने के लिए दिन-रात हर संभव प्रयास किए हैं।

अत: पूरी कार्यकारणी के सदस्यों का सम्मान करना उचित होगा। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों के हाथों कार्यकारणी के सदस्यों का पगड़ी और उपरना पहनाकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सोसायटी के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि यह उनके हितों की रक्षा करने के लिए आगे भी काम करती रहेगी। अंत में सभी सदस्यों ने सोसायटी के उपाध्यक्ष देवनारायण धाबाई द्वारा निशुल्क उनकी वाटिका उपलब्ध कराने पर आभार व्यक्त किया।

राजसमंद में आर.एस.एम.एम. पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी की आमसभा का आयोजन हुआ।